# कार्यालय कलेक्टर, (महिला एवं बाल विकास विभाग),
# जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Phone No. 07727-223566, E-Mail ID :- dpobalodabazar@gmail.com


क्रमांक / 2126 / सखी / 2022-23 बलौदाबाजार दिनांक 28.12.2022

## "वाक इन इंटरव्यू" हेतु विज्ञापन

## "सखी"(वन स्टॉप सेंटर) में केस वर्कर के रूप में व्यक्तिगत सेवा प्रदाता का कार्य करने हेतु पात्र केवल महिला आवेदकों के लिए वाक इन इंटरव्यू का आयोजन

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संचालित/स्थापित 'सखी' वन स्टॉप सेंटर में दैनिक कार्यों के संचालन व सभी सुसंगत कार्यवाहियों के लिए सेवा प्रदाता नियुक्त किया जाना है। इस हेतु **पात्र महिला आवेदकों से** (व्यक्तिगत सेवा प्रदाता) निम्नानुसार उल्लेखित कार्यों/पदीय् कर्तव्यों के निर्वहन के लिए सेवा प्रदाता का चयन किया जाना है। इस हेतु **दिनाँक 12/1/23 कलेक्टोरेट परिसर, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में प्रातः 10:00 बजे से वाक इन इंटरव्यू आयोजित है** जिसमें निम्नानुसार सेवाओं के लिए केवल महिला आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित हैं :-

| क्र. | सेवा का पदनाम | सेवा प्रदाताओं की संख्या | निर्धारित सेवा शुल्क | सेवा प्रदाता हेतु अधिकतम् आयु सीमा | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केस वर्कर | 01 | 15000 प्रतिमाह | 45 वर्ष (01.01.2023 की स्थिति में) | Any women having a Law degree/Master in Social work with at least 3 year's experience of working on voilence against women issues in a government or non government project/ programmes. She should be a residence of the local community so that local human resources and expertise is utilised for effective functioning of the center. |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बलौदाबाजार-भाटापारा की बेबसाईट **http://balodabazar.gov.in** एवं **www.cg.nic.in/balodabazar** पर देखी जा सकती है।

सभी आवेदिकाएं अनिवार्यत अपनी फोटों, मूल अभिलेख एवं उसकी 02 सेट में स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित अपनी पहचान हेतु आधार कार्ड/ड्राइविंग लाईसेंस/वोटर आई.डी. कार्ड/अन्य पहचान पत्र के साथ ही उपस्थित होवें।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

27/12/22

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा(छ.ग.)

## उपरोक्त सेवा प्रदाताओं के लिए नियम व शर्ते :-

1. **यह कार्य केवल महिला उम्मीदवारों के लिए है।**
2. चयनित सेवा प्रदाता तथा जिला कलेक्टर/जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के मध्य 01 वर्ष के लिए अनुबंध निष्पादित किया जावेगा। अनुबंध अवधि में कार्य संतोषजनक पाये जाने तथा विभाग की आवश्यकता व्यवहार के आधार पर उपयुक्तता का आंकलन कर अनुबंध बढ़ायी जा सकेगी।
3. सेवा प्रदाता को एकमुश्त सेवा शुल्क देय होगा । इसके अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नहीं होगी। यात्रा पर भेजे जाने की दशा में नियमानुसार वास्तविक व्यय अथवा अनुबंध की शर्तो के अनुसार एक मुश्त राशि दी जायेगी।
4. अनुबंध की अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का शुल्क जमा कर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
5. आयु की गणना 01 जनवरी 2022 की स्थिति में की जावेगी।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य की जायेगी। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने के अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होनी चाहिए।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ स्वप्रमाणित/सत्यापित वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची संलग्न किए जाने की संपूर्ण जिम्मेदारी आवेदिका की होगी ।
8. दावा आपत्ति के समय कोई भी नवीन दस्तावेज स्वीकार्य नही होंगे।
9. चयनित अभ्यर्थी को संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी स्वप्रमाणित/सत्यापित अनुबंध प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट, एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
11. वाक् इन इंटरव्यू में भाग लेने वाले सेवा प्रदाता को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नहीं होगा।
12. निर्धारित तिथि के पूर्व आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
13. चयन के संबंध में जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
14. उपरोक्त पदों हेतु वांछित अनुभवधारी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर वांछित अनुभव को क्रमशः शिथिल करते हुए अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता, कौशल परीक्षा, तथा साक्षात्कार के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर चयन की कार्यवाही की जावेगी।
15. केस वर्कर पद हेतु अधिकतम 10 उम्मीदवारों को मैरिट आधार पर आगामी लिखित/कौशल परीक्षा हेतु एवं तद्उपरांत साक्षात्कार हेतु अधिकतम 03 उम्मीदवारों को पात्र किया जायेगा।
16. किसी भी अभ्यर्थी को पूर्व में राज्य के किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय संस्था से कार्य/व्यवहार असंतोषप्रद पाये जाने के कारण यदि उन्हें सेवा से पृथक किया गया हो अथवा उनकी संविदा अवधि में वृद्धि नहीं की गयी हो तो ऐसे (Black Listed) अभ्यर्थी इन पदों के आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे। यदि ऐसे अभ्यर्थी आवेदन करते भी हैं, तो इस स्थिति में उस अभ्यर्थी को अपात्र किया जायेगा।

17\. केस वर्कर सेवा प्रदाता के लिए वाक् इन इंटरव्यू तिथि 12.01.2023 हैं, जिसकी अनुमानित कार्ययोजना निम्नानुसार रहेगी:–

| क्रमांक | समय | अनुमानित कार्यो का वितरण |
|---|---|---|
| 01. | प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक | आवेदन संकलन एवं पंजीयन |
| 02. | दोपहर 01.00 बजे | प्रारंभिक दावा आपत्ति सूची प्रकाशन |
| 03. | दोपहर 01.00 बजे से 01.30 बजे तक | दावा आपत्ति प्राप्त करना |
| 04. | दोपहर 02.00 बजे से 02.30 बजे तक | प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण |
| 05 | दोपहर 03.00 बजे | अंतिम पात्रता सूची का प्रकाशन |
| 06 | दोपहर 03.20 बजे से 04.10 बजे तक | वरीयता में अधिकतम 10 प्रतिभागियों की कौशल परीक्षा |
| 07 | संध्या 04.30 बजे से 05.00 बजे तक | साक्षात्कार |

उक्त कार्यक्रम में आकस्मिक परिस्थितियों में परिवर्तन संभव है।

18\. केस वर्कर पद हेतु चयन प्रकिया निम्नानुसार होगी:–

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| केस वर्कर | वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का Weightage देते हुए अधिकतम 80 अंक, अनुभव हेतु निर्धारित 03 वर्षो के अनुभव होने पर पात्र तदोपरांत प्रत्येक वर्ष हेतु 02 अंक अनुभव का अधिकतम 10 अंक तथा लिखित परीक्षा/स्किल टेस्ट में 05 एवं साक्षात्कार पर 05 अंक निर्धारित रहेंगे। |

विज्ञापन की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा के सूचना पटल एवं वेबसाईट **http://balodabazar.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला बलौदाबाजार–भाटापारा(छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

.....................................................

.....................................................

.....................................................

स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो पर हस्ताक्षर जिसका आधा भाग फोटो एवं आधा आवेदन पत्र में होना चाहिए चस्पा करे

1. आवेदित सेवा का नाम :– .....................................................

2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) :– .....................................................

(अंग्रेजी में) :– .....................................................

3. पिता / पति का नाम :– .....................................................

4. स्थायी पता :– .....................................................

.....................................................

5. (पत्र व्यवहार का पता) :– .....................................................

..........................दूरभाष / मोबाईल..........................

ईमेल आईडी – .....................................................

6. जन्मतिथि (अंकों में) :– .....................................................

(शब्दों में) :– .....................................................

7. दिनांक 01 / 1 / 2017 को आयु :– .....................................................

8. लिंग पुरूष / महिला :– .....................................................

9. जाति / वर्ग (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य) जाति .............................. वर्ग ..............

10. क्या आवेदक शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था में सेवारत है ? :–..........................................

11. विवाहित / अविवाहित / विधुर / परित्यत्ता :– .....................................................

12. यदि आप विवाहित हैं तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– ........................

13. शैक्षणिक योग्यता :–(जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ..........................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ..........................................................................

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक में संलग्न कर सकते हैं ।

16. अनिवार्य संलग्नकों की सूची --

1. जन्म तिथि हेतु 10वीं की अंकसूची / प्रमाण पत्र
2. 12वीं की अंकसूची
3. स्नातक की अंकसूची
4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरूप आवश्यक होने पर)
6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नकों का विवरण

1.................................................................................

2.................................................................................

3.................................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

## घोषणा–पत्र

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूं कि इस प्रपत्र में दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते हैं, तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान – ..............................................................

दिनांक – ..............................................................